भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2217

दिनांक 20 दिसंबर, 2022 को उत्तरार्थ

विषय: चिरौंजी का उत्पादन

2217. श्रीमती रंजनबेन भट्ट:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क): क्या सरकार पूरे देश में चिरौंजी का उत्पादन करने पर गंभीरता से विचार कर रही है;

(ख): यदि हां, तो क्या सरकार ने इस दिशा में अब तक कोई कदम उठाए हैं;

(ग): यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ): यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (घ): केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर का क्षेत्रीय स्टेशन "केंद्रीय बागवानी प्रायोगिक स्टेशन", वेजलपुर (गुजरात) देश के विशेष रूप से गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के उत्तर-पश्चिम जनजाति क्षेत्र में देश में चिरौंजी उत्पादन पर काम कर रहा है। । चिरौंजी को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्यिक पौधों के गुणन, फल गुणवत्ता विश्लेषण, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए कई तकनीकों का विकास किया गया है। किसानों को इसके व्यवस्थित उत्पादन के लिए हर वर्ष अच्छी गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

******